Daily Current Affairs (04 May 2026) in Hindi PDF Notes

1. सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (MOSPI) ने "भारत में महिलाएं और पुरुष 2025" रिपोर्ट की जारी।

- यह इस रिपोर्ट का **27वां संस्करण** है और यह 1995 में स्टार्ट हुआ था।
- इस रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2021-23 में **जन्म के समय लिंगानुपात 917** है।
- 2017-19 में यह अनुपात 904 था।
- सर्वाधिक लिंगानुपात **अरुणाचल प्रदेश में 1085** है और न्यूनतम **झारखंड में 899** है।
- उच्च शिक्षा में **महिलाओं की सकल नामांकन अनुपात** 2021-22 में **28.5** थी और 2022-23 में **30.2** है।
- महिलाओं की **श्रम बल भागीदारी दर** (श्रम बल में महिलाओं की भागीदारी) 2025 में **37.5 % से बढ़कर 45.9 % हो गया** है।
- इस रिपोर्ट का विषय **विकास के लिए डेटा** है।

2. भारतीय वैज्ञानिक परवीन शेख को इंडियन स्किमर के संरक्षण के लिए व्हिटली पुरस्कार 2026 से किया गया सम्मानित।

- व्हिटली अवार्ड का संबंध **पर्यावरण संरक्षण** से है।
- व्हिटली अवार्ड लंदन में दिया जाता है।
- इंडियन स्किमर एक प्रकार का पक्षी है, जो गंगा बेसिन में पाई जाती है।
- परवीन शेख ने **गॉर्जियन ऑफ़ द स्कीमर पहल** शुरू की थी, इसी पहल के तहत इंडियन स्किमर को बचाया गया।

3. मिजोरम ने आपदा के समय तुरंत प्रतिक्रिया देने के लिए "खुआरल" ऐप किया लॉन्च।

- मिजो शब्द खुआरल का अर्थ **प्रकृति** होता है।
- मिजोरम के मुख्य मंत्री **लालदुहोमा** हैं।

4. केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ओडिशा (रायगड़ा) में PMGSY-iv का किया शुभारंभ।

- PMGSY = Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana (प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना)
- PMGSY-iv, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का चौथा चरण है।
- इसके तहत **ओडिशा** के अंदर **1701.8 Km लंबी सड़क** बनाई जाएगी।
- प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना **25 दिसंबर 2000** को तत्कालीन प्रधानमंत्री **अटल बिहारी वाजपेयी** के द्वारा शुरू की गई थी।
- शिवराज सिंह चौहान, भारत के **कृषि मंत्री** हैं।

5. US ने लौटाई भारत को लगभग 14 मिलियन डॉलर की कुल कीमत वाली 657 प्राचीन वस्तुएँ।

- लौटाई गई वस्तुओं में "**अवलोकितेश्वर**" की कांस्य प्रतिमा भी है। यह प्रतिमा एक ऐसे सिहासन पर बैठी है जिसके दोनों ओर शेर बने हैं। यह प्रतिमा 1939 में मिली थी, 1952 तक यह **रायपुर** के **महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय** में था 1982 तक इस प्रतिमा को चुराकर US में तस्करी के जरिए पहुँचा दिया गया था।

6. चीन ने शून्य उत्सर्जन वाली दुनिया की पहली "कोयला बैटरी" का किया निर्माण।

- इस बैटरी का नाम = **ZC-DCFC** (Zero-Carbon-Emission Direct Coal Fuel Cell) है।
- कोयला से विद्युत के निर्माण प्रक्रिया में जो CO_2 गैस निकलेगा उसे $NaHCO_3$ (सोडियम बाई कार्बोनेट : खाने का सोडा) में परिवर्तित कर दिया जाएगा।
- कोयला का सबसे अच्छा प्रकार एन्थ्रेसाइट है।
- भारत में बिटुमिनस प्रकार का कोयला सबसे अधिक पाया जाता है।

7. DRDO ने लॉन्च किया प्रोजेक्ट "विक्रम VT 21"

- DRDO की स्थापना **1 January 1958** को हुई थी। इसका **मुख्यालय नई दिल्ली में** है तथा वर्तमान में इसका हेड **समीर वी. कामत** हैं।
- इस प्रोजेक्ट के तहत दो प्रकार के बखतरबंद टैंक बनाए जाएंगे। एक में टायर होगा तथा दूसरे में चैन सिस्टम होगा।
- ये टैंक उभयचर हैं अर्थात **स्थल और पानी दोनों पर चल सकते** हैं।

8. भारतीय सेना ने लेह में अपना चार-दिवसीय "एडवांस्ड सर्जिकल आई कैंप-ऑपरेशन नेत्र 1.0" किया संपन्न।

- लद्दाख में 7 जिले हैं।
- वर्तमान में लद्दाख के उप राजयपाल विनय कुमार सक्सेना हैं।

9. प्रोजेक्ट 17A के तहत निर्मित स्वदेशी उन्नत स्टेल्थ फ्रिगेट "महेन्द्रगिरि" को भारतीय नौसेना में किया गया शामिल।

- **स्टेल्थ फ्रिगेट** का अर्थ रडार की पकड़ में नहीं आने वाला छोटा युद्ध पोत होता है।
- इसका निर्माण **मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड**, मुंबई में हुआ है।
- प्रोजेक्ट 17A के तहत बनने वाला पहला जहाज **INS नीलगिरि** था, महेन्द्रगिरि इसी **नीलगिरि क्लास** का जहाज है।

10. 1 मई को मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस 2026।

- ILO = International Labour Organization (अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन)। इसकी स्थापना **11 अप्रैल 1919** को हुई थी तथा इसका **मुख्यालय जिनेवा, स्विट्जरलैंड** में है।
- अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस 2026 का थीम **काम करने के लिए मानसिक तौर पर एक स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करना** है।

11. EPFO ने की E-PRAAPTI डिजिटल प्लेटफॉर्म लॉन्च करने की घोषणा।

- EPFO = Employees' Provident Fund Organisation (कर्मचारी भविष्य निधि संगठन)
- इस प्लेटफॉर्म का उद्देश्य **वैसे अकाउंट जो बंद हो चुके हैं या जिन अकाउंट के बारे में उसके यूजर को पता ही नहीं है, उन्हें खोजना और अकाउंट को फिर से चालु करना है**।